## महत्वपूर्ण एवं खास

### 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का उदघाटन समारोह 19 सितम्बर को

**रायगढ़।** वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के मुख्य आतिथ्य में 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 का उदघाटन समारोह 19 सितम्बर को प्रात: 10 बजे से रायगढ़ स्टेडियम, बोईरदादर रोड, रायगढ़ में होगा। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह करेंगे। शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 19 से 22 सितम्बर तक चलेगा। जिसमें व्हालीबॉल-बालक एवं बालिका 19 वर्ष, खोखो-बालक एवं बालिका 19, 19 वर्ष तथा टेबल टेनिस-बालक एवं बालिका 15, 17 वर्ष को शामिल किया गया है।

### कांटाहरदी में जन समस्या निवारण शिविर 19 अगस्त को

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में रायगढ़ जिले में ग्रामीणजनों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन विकासखण्ड स्तर पर किया जा रहा है। इसी कड़ी में 19 सितम्बर को विकासखण्ड रायगढ़ के ग्राम-कांटाहरदी में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन होगा।

### जिले में 987.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 18 सितम्बर तक 987.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 12 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1219.2 मिली मीटर, पुसौर में 1054.5, खरसिया में 948.1, घरघोड़ा में 1054, तमनार में 881.7, लैलूंगा में 869.3, मुकडेगा में 927.7, धरमजयगढ़ में 881.9 छाल में 988.8 एवं कापू में 1041.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.किरणमयी नायक 20 सितम्बर को करेंगी जनसुनवाई

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.किरणमयी नायक (कैबिनेट मंत्री दर्जा) 20 सितम्बर 2024 को जिला पंचायत सभाकक्ष रायगढ़ में पूर्वान्ह 11 बजे से सायं 5 बजे तक 34 प्रकरणों पर सुनवाई करेंगी।

### स्कूलों में 19 सितम्बर को होगा निशुल्क आयुष्मान पंजीयन शिविर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** जिले के स्कूलों में 19 सितम्बर को निशुल्क आयुष्मान पंजीयन महाअभियान शिविर आयोजित किया जाएगा। सारंगढ़ के मोना मॉडर्न स्कूल और बरमकेला ब्लॉक के ग्राम लेंध्रा के सरस्वती शिशु मंदिर सहित बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम करियाटार, मुडपार, तिलाईपाली टेंगनाकछार, सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम गोड़ीहारी, केडार, गुडेली, मौहाढोढा, डडाईडीह, बरमकेला ब्लॉक के ग्राम पिहरा तथा बिरनीपाली के शासकीय स्कूल में निशुल्क आयुष्मान शिविर का आयोजन किया जाएगा। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए राशन कार्ड का नंबर और आधार कार्ड और आधार कार्ड से जुड़ा मोबाइल नंबर की जरूरत होती है इसलिए स्कूली बच्चे और नागरिकगण, जब भी आयुष्मान कार्ड बनाने जाएं तो राशन कार्ड का नंबर और आधार कार्ड और ओटीपी के लिए आधार कार्ड से जुड़ा मोबाइल नंबर जरूर रखें।

## अपर कलेक्टर पाण्डेय ने ली राजनैतिक दलों की बैठक

# मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण पर मान्यता प्राप्त दलों से किया गया परामर्श

**रायगढ़**




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में आज अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक ली।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत अपर कलेक्टर पाण्डेय ने बैठक लेकर सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण के संबध में विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने बताया कि जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-15 लैलूगा, 16-रायगढ़, 18-खरसिया एवं 19-धरमजयगढ़ के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-16 रायगढ़ से 02 भवन परिवर्तन के प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए है। इसी प्रकार विधान सभा क्षेत्र क्रमांक-18 खरसिया से 01 भवन परिवर्तन एवं 12 अनुभाग के नामकरण में परिवर्तन के प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए है। इसी प्रकार विधान क्षेत्र क्रमांक-19 धरमजयगढ़ से 12 नवीन मतदान केन्द्र, 01 भवन परिवर्तन, 02 स्थल परिवर्तन, 03 अनुभाग परिवर्तन एवं 05 अनुभाग के नामकरण में परिवर्तन के प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए है। जिसे राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा कोई आपत्ति नहीं होना व्यक्त किया गया।

अपर कलेक्टर पाण्डेय ने कहा कि मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण से मतदाताओं को सुविधा होगी। इसमें खासतौर पर उन मतदान केन्द्रों को शामिल किया जा रहा है, जिसमें मतदान केन्द्र की दूरी अधिक है, जहां 15 सौ से अधिक मतदाताओं की संख्या है, मतदान केन्द्र जर्जर या टूट गए हैं अथवा केंद्र जिसका नाम परिवर्तन करना है। इस दौरान उन्होंने राजनैतिक दलों से सुझाव भी लिए। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 की स्थिति में संपन्न होना है किंतु 01 अप्रैल, 01 जुलाई और 01 अक्टूबर 2025 को पात्र होने वाले मतदाता भी आवेदन कर सकेंगें। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत 18 अक्टूबर 2024 तक बीएलओ के माध्यम से घर-घर सर्वे कर सत्यापन, मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण, मतदाता सूची में विसंगतियों को दूर करना है जिसमें अच्छी गुणवत्ता वाले फोटो को सुनिश्चित करना है, अनुभाग/भागों का पुनर्गठन और मतदान केन्द्र के अनुभाग/भाग की सीमाओं के स्थान के प्रस्तावित पुनर्गठन को अंतिम रूप देना और मतदान केन्द्रों की सूची का अनुमोदन करना है। इसी तरह 19 से 28 अक्टूबर 2024 तक प्रारूप 1 से 8 की तैयारी जिसमें जेण्डर रेसियो, ईपिक रेसियों, एच ग्रुप, एड/डिलीट, ईपिक/फोटो, पीएस लोकेशन, सर्विस वोटर, माइग्रेट इलेक्टोर के संदर्भ में पूरक और एकीकृत ड्राफ्ट रोल तैयार किया जाएगा। पुनरीक्षण गतिविधियों के तहत 29 अक्टूबर को एकीकृत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन, 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक दावा-आपत्तियां दाखिल करने की अवधि होगी। इसी प्रकार 9 से 17 नवम्बर तक विशेष शिविर आयोजित की जाएगी। 24 दिसम्बर तक दावा-आपत्तियों का निराकरण, 01 जनवरी 2025 तक स्वास्थ्य मापदण्डों की जांच करना और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करना, डेटा बेस को अद्यतन करना और पूरकों की छपाई करना है। इसके साथ ही 6 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

अपर कलेक्टर पाण्डेय ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि बीएलओ द्वारा डोर-टू-डोर सर्वे का कार्य किया जा रहा है। जिसमें नए मतदाताओं के नाम जोडऩे एवं पलायन मतदाताओं के नाम विलोपन में बीएलओं को जानकारी देने का आग्रह किया गया। उन्होनें एपिक में त्रुटि एवं फोटो सुधार के लिए वोटर हेल्पलाइन के संबंध में भी जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि नए मतदाताओं को जोडऩे के लिए स्कूल कालेजों में भी अभियान चलाया जाएगा, ताकि कोई भी वोटर अपने मताधिकार से वंछित न रहे। इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी से मनीष पाण्डेय, बहुजन समाज पार्टी से इन्नोसेंट कुजुर, जेसीसीजे से प्रिंकल दास एवं इंडियन नेशनल कांग्रेस से आशीष शर्मा सहित निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीएमएचओ ने किया सीएचसी लोईंग का निरीक्षण, स्वास्थ्य केन्द्र में संस्थागत प्रसव कराने हेतु दिए सख्त निर्देश

**रायगढ़**



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजना पैंकरा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोईंग का औचिक निरीक्षण किया गया। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोईंग में 30 व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 10, उप.स्वा. केन्द्र में 3 संस्थागत प्रसव कराने के सख्त निर्देश दिये। साथ ही संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देते हुए सभी प्रसव संस्था में कराने हेतु कहा गया। प्रसव की अंतिम तिथि के लाइनलिस्टिंग कर 15 दिन पूर्व संबंधित क्षेत्र के महिला सुपरवाइजार, आर.एच.ओ. मितानिन विजिट के दौरान काउंसिलिंग करने के निर्देश दिये गये। ए.एन.एम द्वारा गृह भेंट के दौरान उसकी गहनता को बताते हुए मरीज को आयरन, गोली, कैल्शियम दवा का सेवन करने हेतु समझाईश दें। मानक के आधार पर प्रसव कम होने पर संबंधित कर्मचारी का वेतन रोकने हेतु निर्देश दिया गया। चिकित्सालय के आईपीडी, ओ.पी.डी, स्टोर शाखा, ओ.आर.एस कार्नर, दवाईयों के स्टॉक का निरीक्षण किया, 24&7 सेवाएं अधिकारी/कर्मचारी को गुणवत्तापूर्वक करने हेतु निर्देशित किया गया। स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए अस्पतालीन व्यवस्था बनाये रखने हेतु खंड चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए गए। मलेरिया रक्त पट्टी, टी.बी. स्फुटम स्लाइड की जांच बढ़ाने तथा कॉम्बेक्ट टीम गठित कर पर्याप्त मात्रा में दवा की उपलब्धता बनाये रखने हेतु निर्देशित किया।

## मारपीट मामले के फरार आरोपी को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा न्यायिक रिमांड पर

**रायगढ़**



कोतवाली पुलिस ने 27 नवंबर 2023 को हुई एक मारपीट की घटना में फरार आरोपी मनीष निकुंज को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर कोतवाली थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल द्वारा लगातार गंभीर मामलों के फरार आरोपियों की जानकारी मुखबीरों से ली जा रही है, इसी तारतम्य में पुलिस को यह सफलता मिली।

रिपोर्टकर्ता गीताबाई सारथी निवासी चांदनी चौक रायगढ़ ने 27 नवंबर 2023 को थाना कोतवाली में अपने बेटे सचिन सारथी और पति हेमलाल के साथ झगड़े, मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 27 नवंबर की सुबह पुरी बगीचा के पास आरोपी समीर उरांव एवं उसके साथियों ने सचिन और उसके पिता हेमलाल सारथी के साथ मारपीट की थी। थाना कोतवाली में मारपीट की रिपोर्ट पर आरोपी समीर उरांव एवं उसके साथियों पर नामजद अपराध क्रमांक 823/2023 धारा 294, 506, 323, 34 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। आहत सचिन को आयी गंभीर चोटों पर उसे रायपुर रिफर किया गया था, विवेचना दरम्यान प्रकरण में धारा 307,147,148, 336 आई पी सी जोड़कर 5 फरवरी और 21 मार्च 2024 को फरार आरोपी- (1) समीर उरांव पिता नवीन उरांव 18 साल (2) राजू उरांव पिता सोनऊ उरांव 47 साल (3) शंकर उरांव पिता चैनलाल उरांव 36 साल (4) फोक्स उर्फ प्रकाश उरांव पिता बरातु उरांव 26 साल सभी निवासी मधुबन पारा रायगढ़ (5) विधि के साथ संघर्षरत बालक को कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर सक्षम न्यायालय रिमांड पर भेजा गया है। घटना में शामिल आरोपी मनीष उरांव के फरार रहने पर आरोपी के विरूद्ध धारा 299 जाफौ के तहत कार्रवाई कर आरोपियों के विरूद्ध चालान पेश किया गया था।

दिनांक 18.09.2024 को संदिग्ध व्यक्तियों की जांच पेट्रोलिंग दौरान फरार आरोपी मनीष निकुंज पिता संजय निकुंज मधुबनपारा, थाना कोतवाली रायगढ़ के संबंध में थाना प्रभारी को सूचना मिली, सूचना पर तत्काल पुलिस टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, शीघ्र आरोपी के विरूद्ध पूरक चालान पेश किया जावेगा। इस गिरफ्तारी में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल एवं उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा।

## ग्राम गोरखा में कोतरा रोड पुलिस ने लगाया चलित थाना, थाना प्रभारी ने सुनी महिलाओं की शिकायतें, चलित थाने में किया महिला समिति का गठन

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशानुसार, आज दिनांक 18.09.2024 को कोतरारोड़ थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी ने अपने स्टाफ के साथ ग्राम गोरखा में चलित थाना कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में वार्ड पार्षद समेत बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं, जिन्होंने गांव में अवैध शराब निर्माण और बिक्री की शिकायतें कीं।

महिलाओं की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए, थाना प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी ने अपने स्टाफ और महिला समूह के साथ संदेही व्यक्तियों के घरों में छापेमारी की। हालांकि, इस दौरान कोई अवैध शराब बरामद नहीं हुई। थाना प्रभारी ने संदेही व्यक्तियों को सख्त चेतावनी दी कि यदि भविष्य में अवैध शराब बनाने या बेचने की कोई गतिविधि पाई गई, तो उनके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

चलित थाना कार्यक्रम के दौरान, महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को ध्यान में रखते हुए एक महिला समूह का गठन किया गया। इस समूह में सर्वसम्मति से अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुने गए, जो गांव की सुरक्षा और अवैध गतिविधियों की निगरानी में सहयोग करेंगे।

थाना प्रभारी त्रिपाठी ने ग्रामवासियों को अवैध शराब, जुआ, सट्टा और अन्य आपराधिक गतिविधियों से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने गांव में बाहरी व्यक्तियों, विशेषकर सोना-चांदी चमकाने वाले और फेरी करने वालों से सावधान रहने की सलाह दी। साथ ही, साइबर फ्रॉड के बारे में भी ग्रामवासियों को जागरूक किया और उन्हें किसी भी संदिग्ध गतिविधि के बारे में तत्काल पुलिस को सूचित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

चलित थाना कार्यक्रम में थाना प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी के साथ सहायक उपनिरीक्षक हेमसागर पटेल, आरक्षक चंद्रेश पाण्डेय, संदीप कौशिक, राजेश खांडे और मुकेश चौबे मौजूद थे। इस कार्यक्रम ने ग्रामवासियों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य को सुदृढ़ किया है।

## 21 वीं पशु संगणना हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

❒ जिले में 96 प्रगणक एवं 24 सुपरवाईजर किए गए नियुक्त

**रायगढ़**



21 वीं पशु संगणना हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ.धरमदास झारिया की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में आयोजित हुई। प्रशिक्षण में बिलासपुर संभाग के मास्टर ट्रेनर डॉ.एच.के.सोनी, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, कोरबा के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

पशुधन विकास विभाग द्वारा प्रत्येक 5 वर्षो में पशुओं की गणना का कार्य किया जाता है। जिसकी शुरूआत वर्ष 1919 से की गई थी। विगत संगणना कार्य की भांति इस वर्ष भी गणना कार्य ऑनलाईन मोड में किया जाएगा। इस कार्य के लिए जिले में 96 प्रगणक एवं 24 सुपरवाईजर नियुक्त किए गए है। मास्टर ट्रेनर के द्वारा प्रशिक्षण में संगणना संबंधी समस्त प्रपत्रों, परिभाषाओं और मोबाइल ऐप में संपादित किए जाने वाले समस्त कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई।

उप संचालक डॉ.झारिया ने बताया सभी प्रगणक व सुपरवाईजर के आईडी-पासवर्ड तैयार कर दिए गए है। सभी को मोबाइल ऐप में अभ्यास करने हेतु निर्देश दिए गए है। पशु संगणना का कार्य सितम्बर से दिसम्बर 2024 के बीच किया जाएगा। जिसमें प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर संगणना कार्य संपादित किया जाएगा। संगणना कार्य के बाद भारत शासन द्वारा जिले का डाटा जारी किया जाएगा जो जिले एवं राज्य में पशुधन नीतियों के निर्धारण हेतु आवश्यक होता है। उप संचालक द्वारा सभी प्रगणकों एवं सुपरवाईजरों को निर्देशित किया कि पशु संगणना के डाटा सटीक एवं सही भरे जाए क्योंकि इसी डाटा के आधार पर पशुओं के टीकाकरण, उपचार, प्रजनन इत्यादि की नीतियां एवं भविष्य की योजनाएं निर्धारित की जाती है। उन्होंने सभी पशुपालकों एवं जनसामान्य से विभागीय पशु प्रगणक को आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु आग्रह किया है।

## विकसित भारत : मोदी की संकल्पना पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने किया शुभारंभ

**रायगढ़**



नगर निगम ऑडिटोरियम में विकसित भारत : मोदी जी की संकल्पना पर आधारित विकासशील भारत छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ वित्त मंत्री ओ.पी चौधरी ने किया।

फोटो प्रदर्शनी में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन की झांकी तथा उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योगदान की झलक समाहित है। फोटो प्रदर्शनी में बच्चों के प्यारे मोदी जी, जनभागीदारी जन-जन की सामूहिक हिस्सेदारी, जी-20 में प्रधानमंत्री मोदी का निर्णायक नेतृत्व, नारी शक्ति से देश की तरक्की, ड्रिम बिग, वाटर ग्रिड, सोलर प्लांट, बचपन की पाठशाला से, गुजरात मॉडल, अभूतपूर्व विकास अनुपम परिणाम, हिमालय की गोद में, देश की संस्कृति का गौरव से प्रदर्शन, मोदी के साथ दुनिया योग पथ पर, एक पेड़ माँ के नाम, डिजिटल हुई पहचान डिजिटल से भुगतान डिजिटल से जीवन आसान, खेल से बढ़ाया तालमेल, युवाओं को रोजगार सहित विभिन्न उपलब्धियों को फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से दिखाई गई। जिसका बड़ी संख्या में पीएम आवास के हितग्राही, ग्रामीण जनसामान्य ने कौतुलतावश अवलोकन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के साथ विकसित भारत बनाने की नीव व लोक कल्याण कारी योजनाओं, कार्यक्रम तथा विकास को यह फोटो प्रदर्शनी उत्कृष्ट रूप से प्रदर्शित कर रही है। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष नगर निगम पूनम सोलंकी, पार्षद पंकज कंकरवाल, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित जनसामान्य उपास्थित रहे।

## कलेक्टर नवोदय विद्यालय के दो दिवसीय कला उत्सव के शुभारंभ समारोह में हुए शामिल, छात्रों को दी शुभकामनाएं

❒ शिक्षा जीवन का आधार-कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

**रायगढ़**





कलेक्टर कार्तिकेया गोयल आज नवोदय विद्यालय भूपदेवपुर में आयोजित कला उत्सव 2024-25 के शुभारंभ समारोह में शामिल हुए। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कलेक्टर गोयल ने बच्चों से कहा कि यह आपके जीवन का वह दौर है जब आपके पास समय है और इसका सदुपयोग करते हुए आप अपने भविष्य की नींव तैयार कर सकते हैं। जिसके लिए शिक्षा ही एक मात्र आधार है। आप अपना लक्ष्य तय करें कि जीवन में किस फील्ड में करियर बनाना चाहते हैं। उसके अनुसार मेहनत करें। माता-पिता और शिक्षकों से मार्गदर्शन लें। पढ़ाई के साथ-साथ अपने देश दुनिया के बारे में अपना सामान्य ज्ञान बढ़ाएं। इसके लिए प्रतिदिन अखबार का संपादकीय पढ़ें। ऑल इंडिया रेडियो की समीक्षात्मक टिप्पणियां सुनें। रोज की यह आदत धीरे-धीरे आपका नॉलेज बेस बहुत मजबूत कर देगी। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए यह बहुत जरूरी है। उन्होंने बच्चों से कहा कि सोशल मीडिया में समय व्यर्थ करने से बचें। पूरा फोकस अपने पढ़ाई और तैयारी में लगाएं। यह कुछ साल आपके जीवन के महत्वपूर्ण साल है, जो आगे आपके जीवन की दशा-दिशा तय करेगा। इसलिए खूब मेहनत करें। उन्होंने सांस्कृतिक आयोजन को लेकर बच्चों को शुभकामनाएं दी।

सीईओ जिला पंचायत ने बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि अपनी जीवनशैली में अच्छी आदतों को शुमार करें। अच्छी आदतें और अपने लक्ष्य को पाने के लिए की गई मेहनत लंबे समय में सुखद परिणाम देते हैं, इसे कंपाउंड इंपैक्ट कहा जाता है। उन्होंने छात्रों से कहा कि व्यसन आदि बुरी आदतों से दूर रहें। यह समय कीमती है इसका महत्व समझें और पूरा लाभ उठाएं। एक बार सही करियर बन गया तो आपके साथ आने वाली पीढ़ी को भी उसका लाभ मिलता है।

इस दौरान नवोदय विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य अनुराधा शर्मा, वरिष्ठ शिक्षक शशि भूषण प्रसाद सहित विद्यालय के शिक्षक स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**22 स्कूल के 200 बच्चे दो दिवसीय कला उत्सव में हो रहे शामिल-** नवोदय विद्यालय के बिलासपुर संकुल अंतर्गत मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के 22 स्कूलों के करीब 200 बच्चे दो दिवसीय कला उत्सव में शामिल होने पहुंचे हैं। जो 19 और 20 सितंबर तक चलेगी। इसमें विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

**कलेक्टर गोयल ने कैंपस का किया निरीक्षण, लाइब्रेरी में अंग्रेजी अखबार और पत्रिकाएं रखने के लिए कहा-** कलेक्टर गोयल ने स्कूल कैंपस का निरीक्षण भी किया। उन्होंने खेल मैदान तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और स्कूल में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की बात कही। साथ ही स्कूली बच्चों के लिए आयोजित होने वाली क्विज प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए कहा। उन्होंने स्कूल की लाइब्रेरी में राष्ट्रीय स्तर के अंग्रेजी अखबार और मैगजीन रखने और टीचर्स के माध्यम से बच्चों को पढ़ाने और उसका एनालिसिस करवाने के भी निर्देश दिए बच्चों के भीतर समसामयिक मुद्दों की समझ विकसित होगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480